>

Title: Regarding ongoing construction work of National Highway No. 6 in Rajnandgaon in Chhattisgarh.

श्री देवव्रत सिंह (राजनंदगाँव) : माननीय सभापति महोदय, मैं भारत सरकार के राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग और परिवहन मंत्रालय का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहूंगा। मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला मुख्यालय राजनंद गांव, जोकि एक नगर-निगम क्षेत्र है, जहां लगभग तीन-साढ़े तीन लाख की आबादी निवास करती है। वहां राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक छ: का फोर लेनिंग का कार्य प्रारम्भ होने वाला है, जो पहले प्रस्तावित था। राजनंद गांव शहर का जो बाईपास है, उसमें से वह फोर लाईन बनाया जाना था। वहां जो राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी और ठेकेदार हैं, उनकी मिलीभगत की वजह से उसका जो ओरिज़िनल नक्शा था, जो प्लान था, उसे चैंज करके बाईपास के स्थान पर शहर के मध्य में से चौड़ीकरण करने का प्रस्ताव किया जा रहा है। वहां लगभग चार सौ से अधिक भवन टूटने की संभावना है, जिसमें कि दूर संचार का कार्यालय है, व्यावसायिक प्रतिष्ठान है, स्कूल-कॉलेज एवं अस्पताल है, जिला कलेक्टरेट है। यदि वहां चौड़ीकरण का काम शहर के मध्य में किया जाएगा तो बड़े पैमाने पर दुर्घटनाएं घटेंगी और शहर दो हिस्सों में बंट जाएगा और लोगों को आर-पार जाने में कठिनाई होगी। ...(व्यवधान)

महोदय, मेरा आपसे निवेदन है कि वहां जो पेयजल की लाइन दो साल पहले बिछाई गई थी, उसे बदलना पड़ेगा। इसलिए मेरा निवेदन है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को आदेशित किया जाए कि बाईपास का निर्माण किया जाए।